समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# कोरोना फिर बना खतरा : एक्टिव केस 4000 के करीब, अब तक 28 लोगों की मौत।

Publisher Published on 02 Jun 2025



## कोरोना की वापसी : एक बार फिर बढ़ रहा संक्रमण का ग्राफ।

**Coronavirus India Update:** देश में **कोरोना वायरस** का खतरा एक बार फिर गहराता नजर आ रहा है। **स्वास्थ्य मंत्रालय** की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, **सक्रिय कोविड मामलों की संख्या 4000** के करीब पहुंच गई है, जबकि अब तक **28 मरीजों की मौत** हो चुकी है।

रविवार तक एक्टिव केस की **संख्या 3758 दर्ज** की गई। **दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल** जैसे राज्यों में संक्रमण की गति चिंता बढ़ा रही है।

**दिल्ली और उत्तर प्रदेश मे संक्रमण तेज**
**राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली मे कुंल 436 सक्रिय मरीज** हैं। बीते 24 घंटों में यहां 61 नए मामले सामने आए हैं। अब तक दिल्ली में 3 लोगों की मौत भी हो चुकी है।उत्तर प्रदेश में भी हालात गंभीर होते जा रहे हैं। यहां **149 एक्टिव केस** हैं और 2 लोगों की मौत **कोविड** से हो चुकी है।

**महाराष्ट्र मे एंक दिन मे 65 नए मामले**
महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमण तेज़ी से फैल रहा है। **रविवार को राज्य मे 65 नए केस** दर्ज हुए:
**मुंबई : 22**
**पुणे : 25**
**ठाणे : 9**
**पिंपरी-चिंचवड : 6**

**कोल्हापुर : 2**

**नागपुर : 1**

हालांकि राहत की बात यह है कि राज्य में **300 मरीज** ठीक भी हुए। राज्य में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या अब 506 हो गई है।

**राजस्थान मे बुंजुर्गों को बना रहा निशाना**

राजस्थान में बीते **24 घंटे मे 20** नए मामले सामने आए, जिनमें से 17 **जयपुर, और बाकी उदयपुर, बीकानेर, डूंगरपुर** से हैं। संक्रमितों में दो **बुजुर्ग (उम्र 74 और 82 वर्ष)** शामिल हैं। इसके साथ ही राज्य में अब कुल 98 कोरोना संक्रमित हो चुके हैं, जिनमें से एक की मौत हुई है।

अन्य राज्यों में स्थिति

**पश्चिम बंगाल : 287 एक्टिव केस**

**गुजरात : 320 केस, 1 मौत**

**हरियाणा : 30 एक्टिव केस**

**तमिलनाडु : 199 एक्टिव केस**

देशभर में **कोविड** से मौतों की **कुल संख्या 28 पहुंच** चुकी है, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है।

**विशेषज्ञों की सलाह : सतर्क रहे, भीड़ से बचे और मास्क पहने**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनें, भीड़भाड़ से बचें और हाथों की सफाई का विशेष ध्यान रखें। संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकारें सतर्क हो गई हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.